तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 22 नवंबर 2024

13 विधायक अजय चंद्राकर का प्रयास ला रहा रंग : कुरुद में जल्द ...



14 प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल को नियमित कर्मचारी..


[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### बनियापारा में भागवत कथा आज से

**धमतरी।** स्थानीय बनियापारा में गौरा चौरा के पास 22 से 30 नवंबर तक संगीतमय श्रीमद



भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। भगवताचार्य पंडित कालेश्वर प्रसाद तिवारी जेजरा राजिम होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक होगी। मां पाताल भैरवी महिला मंडल समिति एवं वार्डवासियों ने सभी श्रद्धालुओं से कथा का रसपान करने का आग्रह किया है।

### निगरानी समिति की बैठक आज

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के सतत निगरानी के लिए गठित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद और अध्यक्ष जिला विकास समिति श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में 22 नवम्बर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। कलेक्टर नम्रता गांधी ने संबंधित अधिकारियों को एजेंडावार जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### नाग मंदिर में शिव महापुराण 2 दिसंबर से

**धमतरी।** श्री नागदेव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ के



लिए प्रचार-प्रसार अभियान शुरु हो गया है। समिति के पदाधिकारी शांतिलाल देवांगन, अशोक पटेल ने बताया कि नाग मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के संकल्प को लेकर मंदिर समिति द्वारा 2 से 8 दिसंबर तक श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### अब तक 4.88 लाख क्विंटल धान का उपार्जन

**धमतरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले के 100 उपार्जन केन्द्रों में बीते 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 11 हजार 410 पंजीकृत किसानों से कुल चार लाख 88 हजार 893 क्विंटल 60 किलोग्राम धान का उपार्जन किया गया है। इसी तरह 22 नवम्बर को धान खरीदी के लिए दो हजार 360 किसानों का टोकन एक लाख आठ हजार 38 क्विंटल धान खरीदी हेतु जारी किया गया है।

### नगरी में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव 6 को

**नगरी।** विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 6 दिसम्बर को श्रृंगी ऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के खेल मैदान में होगा। इस सबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रतिभागियों को आधारकार्ड, बैंक पासबुक, 2 पासपोर्ट फोटो एवं जाति, निवास की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित कराने सचिव ग्राम पंचायत को जनपद पंचायत नगरी द्वारा पत्र जारी किया जा चुका है। पंजीयन की अंतिम तारीख 30 नवम्बर है। तैयारी में खेमराज साहू व्यायाम शिक्षक जुटे हैं।

## निर्धारित सेवा शुल्क से कई गुना ज्यादा की हो रही वसूली

# सीएससी सेंटरों में चल रहा संगठित रूप से लूट का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सीएससी सेंटरों में संगठित रूप से लूट का कारोबार चल रहा है। 20-30 रुपए के निर्धारित शुल्क के लिए 50-100 रुपए तक वसूली की जा रही है। कई योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर सीएससी संचालक ठेका लेकर काम कर रहे हैं। इसके लिए 500-1000 रुपए तक की वसूली की जा रही है।

लोगों की सुविधा के लिए शासन की योजना अनुसार जगह-जगह कॉमन सर्विस सेंटर यानी सीएससी खोले गए हैं। इन सीएससी सेंटरों को शासन से लाइसेंस मिला हुआ है। इन सीएससी सेंटरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की 200 से ज्यादा योजनाओं का संचालन होता है। सभी योजनाओं के लिए आवेदन, पंजीयन सहित अन्य कार्यों के लिए सेवा शुल्क निर्धारित हैं। सीएससी सेंटरों को स्पष्ट निर्देश है कि वे सेवा शुल्क की लिस्ट अपने सेंटर में चस्पा करें, लेकिन जिले में अधिकांश सीएससी सेंटरों में इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। एक दो सीएससी सेंटर को छोड़ दें तो बाकी में सेवा शुल्क की लिस्ट ही नहीं लगाई गई है। इन सेंटरों में हर योजना के लिए मनमाने ढंग से सेवा शुल्क की वसूली की जा रही है। कई बार इसकी शिकायत भी हो चुकी है, लेकिन अब तक ज्यादा शुल्क वसूली के मामले में सीएससी सेंटरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते सीएससी संचालकों के हौसले बुलंद हैं और डंके की चोट में मनमाने ढंग से वसूली कर रहे हैं।

### चलती हैं कई योजनाएं

सीएससी सेंटरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के संचालन का मुख्य उद्धेश्य यह है कि लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाना न पड़े और घर के आसपास ही सरकारी योजनाओं से जुड़ने का मौका मिले और ऐसा हो भी रहा है। लोगों को अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने नहीं पड़ते हैं। आय, जाति, निवास जैसे प्रमाण- पत्रों के लिए आवेदन, आयुष्मान कार्ड, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, श्रम पंजीयन, मिनीमाता महतारी योजना, मेधावी छात्र छात्रवृत्ति योजना सहित विभिन्न विभागों की 200 से ज्यादा योजनाओं का संचालन सीएससी के माध्यम से हो रहा है।




### नहीं हुई कार्रवाई

करीब तीन माह पहले श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया था। श्रम विभाग में विवाह योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 20 हजार रुपए तक लाभ दिया जाता है। सीएससी सेंटरों में विवाह की तिथि सहित अन्य जानकारी में हेराफेरी कर कई अपात्र लोगों को लाभ दिलाया गया था। जांच में करीब 12 सीएससी सेंटरों में गड़बड़ी पाई गई थी। अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सीएससी सेंटर संचालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

### ऐसी भी गड़बड़ी

श्रम पंजीयन के लिए 30 रुपए और योजनाओं का फार्म भरने के लिए 20 रुपए का सेवा शुल्क निर्धारित है लेकिन कई सेंटरों में इसके लिए 100 रुपए तक वसूली की जा रही है। यही नहीं ज्यादा शुल्क वसूली के लिए सभी सीएससी सेंटर संचालक सिंडीकेट बनाकर काम कर रहे हैं। अधिकांश सेंटर में एक जैसा ही शुल्क बढ़ाकर वसूली की जा रही है। एक उपभोक्ता ने बताया कि पेनकार्ड में आधार लिंक के लिए 1000 रूपए का चालान और 60 रुपए का सेवाशुल्क निर्धारित है। सीएससी सेंटरों में 1060 रुपए की जगह 1300 रुपए की वसूली चल रही है। सीएससी सेंटरों में ठेका पद्धति भी चल रही है। श्रम विभाग सहित कई विभागों की योजनाओं का लाभ देने के लिए सीएससी सेंटर संचालक 1000-2000 रूपए में ठेका ले रहे हैं। कई अपात्र लोगों को पात्र दिखाकर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान पात्र हितग्राहियों को हो रहा है। उनके हक का लाभ अपात्र उठा रहे हैं। इससे सीएससी सेंटर संचालकों की जेब भी भर रही है।

### लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य नहीं

सीएससी सेंटरों में योजनाओं के लिए निर्धारित सेवा शुल्क की लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं। इन सेंटरों के माध्यम से 200 प्रकार की योजनाओं का संचालन होता है। ऐसे में सभी का सेवा शुल्क चस्पा करना संभव नहीं है। सीएससी सेंटरों में लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य भी नहीं है। किसी सेंटर के खिलाफ ज्यादा वसूली की शिकायत आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

\- विनय गिरी, *ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर*

# चोरी की ज्वेलरी के साथ रायगढ़ का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ राधाकृष्ण ज्वेलर्स में हुई चोरी का खुलासा

ज्वेलर्स दुकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी व बेनटेक्स के लगभग पौने चार लाख की ज्वेलरी की चोरी करने वाले रायगढ़ के आरोपी को पुलिस ने बस स्टैंड में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय नयापारा वार्ड निवासी प्रवीण शर्मा रिसाईपारा में स्कूल के पास ज्वेलरी दुकान चलाता है। 8 नवंबर की रात्रि प्रवीण दुकान बंदकर घर चला गया। इसी दौरान एक अज्ञात गमछाधारी युवक शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर सोने-चांदी व बेनटेक्स की ज्वेलरी व 17 हजार नकदी कुल 95 हजार रुपए की चोरी कर फरार हो गया। रात्रि 3 बजे पड़ोसी ने प्रवीण को फोन करके उसकी ज्वेलर्स दुकान का शटर आधा खुले होने की





जानकारी दी। सूचना पर दुकान पहुंचने पर ज्वेलरी व नकदी गायब थी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305/ए, 331/4 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन व एएसपी मणिशंकर चंद्रा डीएसपी नेहा पवार के मार्गदर्शन में साइबर सेल व सिटी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम आरोपी की तलाश में जुट गई। तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धमतरी के नया बस स्टैंड में अमन उर्फ आर्मी चौहान रायगढ़ निवासी को चोरी की ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार को जनसंवाद कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि विवेचना में जुटी पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बस स्टैंड धमतरी के पास संदेही युवक अमन उर्फ आर्मी चौहान पिता सुरेंद्र उम्र 23 वर्ष निवासी पंचधार थाना सरिया जिला रायगढ़ को पकड़कर पूछताछ की। संदेही ने 8 नवंबर को रिसाईपारा स्थित राधाकृष्ण ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी व बेनटेक्स सहित 17 हजार नकदी की चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी अमन उर्फ आर्मी चौहान के कब्जे से चोरी के 3 लाख 73 हजार 640 रुपए की ज्वेलरी बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रेसवार्ता में डीएसपी नेहा पवार, कोतवाली प्रभारी रकेश मरई, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे मौजूद थे।

आरोपी को गिरफ्तार करने में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, प्रआ लोकेश नेताम, हरिशंकर सिन्हा, आरक्षक योगेश नाग, कमल जोशी, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, कृष्णा पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, फनेश साहू, धीरज डड़सेना, विकास द्विवेदी, योगेश ध्रुव, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख, चंदर जमदार व रामकृष्ण यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# भारतमाला प्रोजेक्ट के मजदूर ठेकेदार की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ ग्राम केरेगांव के पास हुआ हादसा

मेटाडोर में सरिया लोड करवाकर बाइक से वापस लौट रहे भारतमाला प्रोजेक्ट के मजदूर ठेकेदार को ट्रक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी व साथी मजदूरों के अनुसार प्रमोदकुमार पिता नागेंद्र सिंह उम्र 29 वर्ष ग्राम सिकारियन थाना भोजपुर जिला बिहार निवासी लेबर कांट्रेक्टर का काम करता था। इन दिनों भारतमाला परियोजना के दुगली क्षेत्र से होकर गुजरे सिक्सलेन रोड में प्रमोद केरेगांव में रहकर मजदूर ठेकेदार का काम कर रहा था। युवक बुधवार को भारतमाला परियोजना के ग्राम बेदवा कैंप में सरिया स्टील को मेटाडोर में लोड कराने गया था। मेटाडोर में सरिया लोड कराने के बाद युवक मोटरसाइकिल से वापस केरेगांव लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एपी 29 यूएफ 8099 के चालक ने मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर से युवक के सिर में गंभीर चोट व पसलियां टूट गई थी।





गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे रायपुर रिफर कर दिया। साथी मजदूरों ने घायल को रायपुर न ले जाकर श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान घायल की बुधवार की रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरुवार को परिजनों के पहुंचने पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द कर दिया है। वहीं केरेगांव पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में होने लगा धान जाम

■ राइस मिलर्स ने नहीं कराया कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अपनी मांगों पर डटे हुए राइस मिलर्स ने अब तक कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन नहीं कराया है। उधर धान खरीदी केंद्रों में लगातार धान की आवक हो रही है। अब तक करीब 5 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक परिवहन शुरू नहीं



हुआ है। यही स्थिति रही तो खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बन जाएगी।

शासन ने 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू कर दी थी। इसके साथ ही कस्टम मिलिंग नीति में बदलाव करते हुए कस्टम मिलिंग की दर घटाकर आधी कर दी गई है। राइस मिलर्स इसका विरोध कर रहे हैं। मिलर्स को दो साल की कस्टम मिलिंग की राशि भी अप्राप्त है। इन समस्याओं को देखते हुए राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन करवाने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। उधर छुट्टी के दिनों को छोड़कर धान खरीदी केंद्रों में लगातार खरीदी हो रही है। पिछले पांच दिनों की खरीदी में जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में 4 लाख 92 हजार 227 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन नहीं होने से धान का उठाव अब तक शुरू नहीं किया गया है। यदि सप्ताह भर के भीतर उठाव शुरू नहीं किया जाता है तो धान खरीदी केंद्रों में स्थिति खराब हो सकती है। कई खरीदी केंद्रों की बफर लिमिट काफी कम है। ऐसे में उन केंद्रों में खरीदी बंद हो सकती है।

### मौसम हुआ सर्द, सेहत बनाने सड़कों पर दौड़ रहे युवा

**धमतरी।** जिले का मौसम सर्द हो गया है। यहां का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री पर आ गया है, वहीं अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर है। आगामी पांच दिनों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के बलरामपुर जिले में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री पर रहा है। प्रदेश के उत्तर में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। जबकि प्रदेश के मध्य में न्यूनतम तापमान 14 से 29 डिग्री पर है। वहीं दक्षिण के नारायणपुर जिले में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर है। मार्निंग वॉक करने वाले राधेकिशन पटेल, ईतवारी देवांगन ने बताया कि सुबह का मौसम सर्द हो गया है। लोग मार्निंग वॉक पर निकल रहे है। सेहत बनाने बड़ी संख्या में लोग सड़क पर दौड़ रहे हैं। मौसम विज्ञानी रजत कौशिक ने बताया कि आगामी पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

## प्रतिबंध के बावजूद लाल ईंट का निर्माण, सैकड़ों परिवार को मिल रहा है रोजगार

# मकान बनाने फ्लाईऐश की जगह लाल ईंट की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फ्लाईऐश ईंट के मुकाबले लाल ईंट 20 फीसदी महंगी होने के बाद भी यह लोगों की पहली पसंद है। बारिश का मौसम बीतने के बाद आवास, भवन निर्माण कार्य गति पकड़ने लगा है। वर्तमान में सरिया और सीमेंट के दाम सामान्य है। इधर लाल ईंट महंगी होने के बावजूद फ्लाईऐश ईंट की पूछ परख नगण्य है।

आवास निर्माण में लगे शहर के शंकर विश्वकर्मा, मीना धोबी, श्रवण सिदार ने बताया कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण का कार्य कर रहे हैं। बारिश में लाल ईंट का दाम 6 रुपया प्रति नग था। वर्तमान में इसका भाव 5.25 रुपये है। वहीं फ्लाईऐश ईंट की कीमत 4.25 रूपये है, बावजूद उन्हें लाल ईंट पसंद है। उनका कहना है कि फ्लाईऐश ईंट की साइज 9 इंची नहीं बनती। मिट्टी से बनी लाल ईंट को ठेकेदार, इंजीनियर आवास में लगाने की सलाह देते हैं।





### सीमेंट-सरिया के भाव सामान्य

सीमेंट, सरिया के विक्रेता अमृत साहू ने बताया कि क्वालिटी के अनुसार सीमेंट 275 , 300 रुपए में उपलब्ध है। वहीं सरिया प्रति क्विंटल 5400 से 5500 रुपये पर स्थिर है। वहीं रेत 11 रुपए फीट तथा गिट्टी 24 रुपए फीट में मिल रहा है।

### ईंट निर्माण के लिए मिली छूट

शहर के आसपास के गांव पोटियाडीह, आमदी, मुजगहन, परसतराई, कोलियारी, भोयना, मथुरा में लाल ईंट का निर्माण खूब हो रहा है। खनिज विभाग के अनुसार लाल ईंट निर्माण के लिए कोई परमिशन नहीं मिलती है। कुम्हार चक्रधारियों का परम्परागत व्यवसाय होने के कारण उन्हें ईंट निर्माण के लिए छूट मिलती है। बताया जाता है कि कुम्हारों की आड़ में बड़े बड़े ठेकेदार ईंट का निर्माण कर रहे हैं। ईंट निर्माण में सैकड़ों परिवार को रोजगार भी मिल रहा है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### प्रथम अगहन बृहस्पत को हुई विशेष पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन महीना के प्रथम गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। पूर्व उपसरपंच गिरिजा बाई चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, सरस्वती चंद्राकर आदि ने कहा कि अगहन महीना के प्रथम गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। अगहन महीना के गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट दूर और मनोकामना पूर्ण होते हैं।

### लालवानी गली में देवी भागवत महापुराण 24 से

**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली दुर्गा मंदिर में 24 नवंबर से 2 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन शकुन निषाद द्वारा किया गया है। जानकारी देते हुए भुवन निषाद ने बताया कि व्यासपीठ से नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा देवी भागवत कथा का बखान किया जाएगा। प्रथम दिवस 24 नवंबर को गणेश, पंचांग पूजन, कथा प्रारंभ, 25 को देवी प्राकट्य, सत्यव्रत महिमा, 26 को नर-नारायण कथा, भगवती महिमा, 27 को कौशिकी रूप, शुंभ, निशुंभ, रक्तबीज उद्धार, 28 को देवी महिमा, राजा हरिश्चंद्र की कथा, 29 को गंगा उत्पत्ति, तुलसी विवाह, 30 को सावित्री कथा, 1 दिसंबर को महिषासुर, देवी आराधना महत्व, 2 को देवी प्रसन्नता का महत्व एवं शोभायात्रा होगा।

### तुमगांव सोसाइटी अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**महासमुंद।** क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा नगर पंचायत तुमगांव में स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में ग्राम बेलटुकरी निवासी पोषण निर्मलकर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने पदभार संभाला। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, नपं उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, नंदलाल पटेल, द्रोणाचार्य साहू, बेलटुकरी सरपंच सोनसाय, डोमार पटेल, पुष्कर यादव, नंदलाल यादव, कीर्ति बघेल, कुंदन प्रजापति, प्रबंधक भारत निर्मलकर, आशीष रजत आदि मौजूद रहे।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छग लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद की बैठक 23 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे तहसील कार्यालय महासमुंद के सामने तृतीय वर्ग कर्मचारी भवन में बैठक आहूत की गई है। जिसमें छग लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं तथा संघीय कार्य के सफल संचालन के लिए चर्चा की जाएगी।

## निधन

### मुकेश साहू



**आमदी(धमतरी)।** आमदी निवासी मुकेश कुमार साहू का 20 नवम्बर बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे दाऊलाल साहू, कौशल साहू, शंकर, कुशल, चंद्रहास के भतीजे व भूपेश कुमार, योगेश कुमार के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

### तुकाराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम सेन्हाभाठा मेघा निवासी तुकाराम साहू का निधन 19 नवंबर मंगलवार को हो गया। वे तोषण एवं तेजराम के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों एवं ग्रामीणों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

मेरा उद्देश्य समाज में समावेशिता व समानता लाना है : बसंत

# कुरुद के दिव्यांग चित्रकार को मिला एनसीपीईडीपी हेलेन केलर अवार्ड 2024

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चित्रकार और समाजसेवी बसंत साहू को हाल ही में 25वें एनसीपीईडीपी हेलेन केलर अवार्ड 2024 से नवाजा गया। यह पुरस्कार उनके द्वारा दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और समाज में समान अवसर दिलाने के लिए किए गए अद्वितीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। बता दें कि श्री साहू के बनाए चित्रों का संग्रह देश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर किया गया है, जिनमें राष्ट्रपति भवन, राजभवन, दिल्ली संग्रहालय और कई अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय शामिल हैं। उनकी कला ने उन्हें न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देश और विदेश में भी पहचान दिलाई है। पुरस्कार प्राप्ति के बाद बसंत ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए है जिन्होंने मुझे हर कदम पर प्रेरित किया और मेरा साथ दिया। मेरा उद्देश्य समाज में समावेशिता और समानता लाना है, ताकि हर व्यक्ति को समान अवसर मिल सके।

**दृढ़ इच्छाशक्ति से हर मुश्किल पार किया जा सकता है**

बसंत साहू की शारीरिक स्थिति 90 प्रतिशत से अधिक प्रभावित है, लेकिन उन्होंने कभी इसे अपनी सफलता की राह में रुकावट नहीं बनने दिया। श्री साहू का मानना है कि कठिनाइयां केवल मानसिक चुनौतियां होती हैं। यदि मन में दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी बाधा व्यक्ति को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। उनका संघर्ष और सफलता यह सिद्ध करती है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, अगर आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति मजबूत हो तो किसी भी मुश्किल को पार किया जा सकता है।



**चित्र में समकालीन समस्याओं का होता है समावेश**

बसंत साहू का जीवन केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी नहीं है, बल्कि यह उन सभी के लिए प्रेरणा है जो जीवन की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला, परंपराओं और सामाजिक मुद्दों को जीवित रखा है। उनके चित्रों में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, पारंपरिक परिधान और समाज की समकालीन समस्याओं का समावेश है।

# शिक्षा की गुणवत्ता पर हुई संकुल स्तरीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता की वृद्धि हेतु संकुल प्राचार्य, प्रधानपाठक प्राथमिक एवं माध्यमिक, एसएमडीसी, एसएमसी, जनप्रतिनिधियों की माध्यमिक शाला बेलोरा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। नोडल अधिकारी संकुल प्राचार्य कुमेंद्र साहू एवं संकुल समन्वयक रुपेश शर्मा ने शिक्षकों, एमसी एसएमडीसी के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से लक्ष्य निर्धारित स्वतंत्र लेखन, साधारण गणित, पठन-पाठन, पुस्तक वाचन पर चर्चा, जाति प्रमाण पत्र, टीएलएम का उपयोग, स्मार्ट टीवी का प्रयोग, माता का उन्मुखीकरण, उपचारात्मक शिक्षण, समावेशी शिक्षा, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर समीक्षा की गई।

मौके पर एसएमसी, एसएमडीसी चेतन साहू, अध्यक्ष नेमसिंग ध्रुव, टिकेश्वरी सिन्हा, वीणा साहू, चम्पा साहू, घसिया साहू, प्रधानपाठक देवेश कुमार, डीके डाहरे, शैलेन्द्री नेताम, दीपरानी, इंदु ध्रुव, झुमुक साहू, ऋषिकुमार पटेल, शिवकुमार, रेखा साहू, बसन्ती सिन्हा, व्याख्याता उर्मिला ध्रुव, श्री नवरंगे उपस्थित थे।

# नपं के 56 प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर

- अनिश्चितकालीन हड़ताल से सफाई, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सेवाएं बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनरतले नगर पंचायत कुरुद के 56 प्लेसमेंट कर्मचारी 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ये कर्मचारी जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्लेसमेंट कर्मचारी संघ कुरुद के अध्यक्ष मुकेश पवार ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को अन्य विभागों (जैसे जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, वन विभाग) की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान करना है। उनका कहना है कि ठेका पद्धति पूरी तरह से बंद होनी चाहिए। हड़ताल से पहले दो दिनों तक कुरुद में प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारी जिला मुख्यालय धमतरी में भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इधर प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सेवाएं बाधित हो गई हैं। हड़ताल के चलते आमजन को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

हड़ताली कर्मचारियों में नवीन चंद्राकर, मुकेश भारती, विकास चंद्राकर, वंदना चंद्राकर, किरण, किरण दीवान, राजू सहनी, अप्पू बैस, विजय भोई, युवराज बैस, गुलाब बघेल, कृष्णा धीवर, राजा, दीपक, परमेश्वर, एमन साहू शामिल हैं।



# टांगापानी में धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने की मांग

- किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी नगरी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम टांगापानी में धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने की मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी नगरी को ज्ञापन सौंपा। पुनीत राम साहू अध्यक्ष, रामसिंग मरकाम सरपंच बांसपानी, गणेशिया मरकाम सरपंच टांगापानी, घनश्याम नागवंशी, राम पटेल, मनोज ठाकुर, जितेन्द्र कुजाम, हेमलाल सिन्हा, प्रीतम कुंजाम ने बताया कि लेम्पस सेमरा में कुल 17 ग्राम के कृषक धान बेचने आते हैं। यहां किसान दूर-दूर से आते हैं। दूरस्थ कृषक समय पर धान खरीदी केन्द्र पर नहीं पहुंच पाते। दूरी अधिक होने से वाहन खर्च का भुगतान करना पड़ता है जिससे कृषकों को अर्थिक क्षति होती है। टांगापानी से ग्राम सेमरा की दूरी 13 किमी, भड़सिवना से 18 किमी, गोरसानाला से 14 किमी, बांसपानी से 16 किमी जुनवानी से 9 किमी है। इससे किसानों को परेशानी होती है। किसानों ने आगे बताया कि पूर्व में तीन बार उपकेन्द्र टांगापानी में धान खरीदी हो चुकी है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए ग्राम टांगापानी में धान खरीदी उपकेन्द्र खोला जाए।





### चंचल मेडिकल कॉरपोरेशन आर्मी के कैप्टन बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखण्ड के ग्राम देवपुर के डॉ. चंचल कुमार साहू की भारतीय सेना मेडिकल कॉरपोरेशन आर्मी में कैप्टन पद पर पोस्टिंग हुई। वे स्व. चिंताराम साहू शिक्षक के पौत्र एवं हितेश तारिणी साहू के छोटे पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर वेदप्रकाश, उषा साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# विधायक भखारा में करेंगे 345.91 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के आतिथ्य में 23 नवम्बर को नगर पंचायत भखारा में लगभग 4 करोड़ रुपये के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जाएगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भखारा में विभिन्न कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य निर्मलकर पारा वार्ड क्र. 07, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (परिक्षेत्रीय साहूपारा में) नपं भखारा-भठेली, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक सौंदर्यीकरण कार्य वार्ड क्र. 13, अटल चौक के पास हाईस्कूल वॉल डिजाइन कार्य दायीं ओर, अटल चौक के पास हाईस्कूल वॉल डिजाइन कार्य बायीं ओर ,शेड निर्माण कार्य गौठान वार्ड क्र. 02 भखारा, शेड निर्माण कार्य मुक्तिधाम वार्ड क्र. 02, शेड निर्माण कार्य यादवपारा सामुदायिक भवन के पास वार्ड क्र. 02 भखारा, शवदाह शेड निर्माण कार्य मुक्तिधाम वार्ड क्र. 02, शेड निर्माण कार्य ठाकुरदेव के पास वार्ड क्र. 04 भखारा, शेड निर्माण कार्य निषाद पारा सामुदायिक भवन वार्ड क्र. 10 भखारा, शेड निर्माण कार्य यादव पारा सामुदायिक भवन के पास वार्ड क्र. 14 भखारा, शेड निर्माण कार्य नगर पंचायत कार्यालय वार्ड क्र. 15, ब्राम्हण सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्र. 07, वार्ड क्र. 10 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, अटल परिसर निर्माण कार्य नया बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्र. 07, 200 किली क्षमता 18 मी. स्टेज आर.सी.सी. इलेवेटेज सर्विस रिजरवायर्स निर्माण कार्य वार्ड क्र. 14, वार्ड क्र. 07 सामुदायिक शौचालय के पास 200 किली क्षमता 18मी. स्टेज आर.सी.सी. इलेवेटेज सर्विस रिजरवायर्स निर्माण कार्य, पाईप लाईन विस्तार कार्य कोलियारी नाला पंप हाउस से सुलभ शौचालय वार्ड क्र. 07 तक, 16मी. हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य, विभिन्न वार्ड हाट बाजार एवं रामलीला मैदान का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। यह जानकारी नंप अध्यक्ष प्रतिनिधि रामगोपाल देवांगन ने दी है।



# नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों को पुस्तकें दी

- गोंडवाना समाज तहसील नगरी के कर्मचारी अधिकारी प्रभाग ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गोंडवाना समाज तहसील नगरी के कर्मचारी अधिकारी प्रभाग द्वारा कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करने पुस्तक प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में कर्मचारी प्रभाग द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों और उनके पालकों को निशुल्क पुस्तकें प्रदान की जा रही है तथा मार्गदर्शन हेतु कोचिंग की व्यवस्था भी की जा रही है।

इस कड़ी में राजपुर उपक्षेत्र की प्राथमिक शाला राजपुर एवं पश्चिम राजपुर की प्राथमिक शाला में अध्यनरत कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों को नवोदय परीक्षा तैयारी हेतु निः शुल्क पुस्तकें प्रदान की गई। शिक्षकों एवं पालकों को नवोदय परीक्षा की तैयारी में सहयोग करने प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर गोंडवाना समाज तहसील उपाध्यक्ष जोहरलाल चंद्रवंशी , आरके टंडन प्राचार्य राजपुर स्कूल, व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव, प्रधानपाठक बीआर नागेश, प्रधान पाठक ओंकार सूर्यवंशी, सहायक शिक्षक हेमंत साहू, संतोषी नागेश सहित विद्यार्थी और उनके पालक उपस्थित थे।



### बच्चों ने न्योता भोज का लिया आनंद

**जीजामगांव।** अब बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष अवसर पर मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त आहार के रुप में भोजन दिया जा सकता है। इसी तारतम्य में संकुल केन्द्र सेमरा (बी) के समन्वयक पंच कुमार ध्रुव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के सभी बच्चों को भोजन के साथ अतिरिक्त आहार के रूप में खीर- पूड़ी, बड़ा एवं मिठाई का वितरण किया गया। बच्चों को पेन भी दिया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ न्योता भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में शिक्षक राजेन्द्र टंडन, घनश्याम प्रसाद वर्मा, नारायण सिंह साहू, महेन्द्र साहू, पुरुषोत्तम सेन, डगेश्वर प्रसाद साहू, लीलेश्वर ग्वाल, लारेन्द्र पटेल, यदुनंदन साहू उपस्थित थे।

# कर्मचारी फेडरेशन ने नवपदस्थ अधिकारियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के प्रतिनिधि मंडल ने नवपदस्थ अधिकारी विभोर अग्रवाल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तेजपाल सिंह ध्रुव तहसीलदार, रोहित बोर्झा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी से मुलाकात की। उन्हें गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, महेन्द्र बोर्झा कोषाध्यक्ष, डॉ अमित नागेश जिलाध्यक्ष पशु चिकित्सा अधिकारी संघ, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, विजय गेंडरे, जोहन नेताम, तरुण साहू, प्रवक्ता केपी साहू , सहसचिव संजीव निर्मलकर, सुरेंद्र नेताम तहसील संयोजक बेलरगांव मौजूद थे।



गिरौद में स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन ने लगाया सहभागी स्वास्थ्य शिविर

# शिविर में 250 लोगों की टीबी, शुगर, बीपी की जांच हुई, 76 लोगों के बलगम सैंपल लिये

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

स्वास्थ्य विभाग पिरामल फाउंडेशन द्वारा ग्राम गिरौद में सहभागी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीएचओ, आरएचओ, एएनएम, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी वर्कर, स्वयं सहायता समूह और मितानिन का सहयोग रहा। शिविर में कुल 250 लोगों की टीबी, शुगर और बीपी की जांच की गई। 76 लोगों के बलगम सैंपल लिये गए।

स्वास्थ्य शिविर में टीबी मुक्त पंचायत पहल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरपंच सचिव, रोजगार सहायक, युवा, मितानिन और आंगनबाड़ी वर्कर ने भाग लिया। पिरामल टीम की प्रोग्राम लीडर ने टीबी रोग के लक्षण, उपचार और टीबी मुक्त पंचायत और रैफरल पर चर्चा की। टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी से मुक्ति पाना, उनका सही इलाज करना और समुदाय को टीबी से मुक्त कराना है। गांव के सचिव ने सुषमा आदमने (पिरामल टीम) और स्वास्थ्य विभाग को इस काम के लिए धन्यवाद दिया।



# भाजपा मंडल मेघा में बूथ समिति का गठन, पुरूषोत्तम अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम मेघा के बूथ क्रमांक 225 में चुनाव प्रभारी श्याम साहू की उपस्थिति में बैठक कर बूथ समिति का गठन किया गया। सर्वसमिति से पुरुषोत्तम पटेल बूथ अध्यक्ष, दुर्गेशनंदनी ध्रुव महिला प्रमुख, खेमराज पटेल युवा प्रमुख, हेमलेश सोनी मनकी बात प्रमुख, मोहन पटेल स्वच्छता प्रमुख, पूर्णानंद पटेल छह कार्यक्रम प्रमुख, चन्द्रसेन दीपकमल प्रमुख, भुनेश्वर पटेल लाभार्थी प्रमुख, तुलसी निषाद वॉटसप प्रमुख बनाये गये। पूरे 25 सदस्यों की बूथ समिति बनाई गई। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश्वर साहू, पूर्व बूथ अध्यक्ष शिव निषाद , धर्मेन्द्र साहू, अभिनव मेघावाले, श्रीमती संध्या साहू, ललिता साहू, मंडल महामंत्री संतोष सोनी उपस्थित थे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता आभा द्विवेदी पिता चन्द्रभूषण द्विवेदी जाति ब्राम्हण निवासी शांतिनगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. कास्तकार ग्राम कल्ले, प.ह.नं. 32, तहसील कुरूद, जिला धमतरी छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 482, 483/2, 483/1, 486, 499 रकबा क्रमशः 0.08, 0.12, 0.10, 0.40, 0.38 हे. कुल खसरा नम्बर 05 कुल रकबा 1.08 हे. को मेरे व्यावहारिक पक्षकार क्रेता राजकुमार शर्मा पिता स्व. रामनिवास शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी बडगढ़, तहसील बडगढ़, जिला बडगढ़, (उडिसा) के द्वारा विक्रेता व क्रेता के मध्य एक बिक्री इकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा रजिस्ट्री पंजीयन करना शेष है। मेरे व्यावहारिक पक्षकार द्वारा ऊपर दर्शित खसरा व रकबा क्रय भूमि पर अगर किसी शासकीय, अर्ध शासकीय, किसी बैंक, संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। मेरे व्यावहारिक पक्षकार द्वारा आपत्ति के अभाव में रजिस्ट्री पंजीयन कराए जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की दर्शित कृषि भूमि को लेकर दावा आपत्ति करता है तो वह अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक-21/11/2024
स्थान-कुरूद

भवदीय
बी. डी. साहू (बुद्धदेव साहू)
अधिवक्ता
अमृत विहार कालोनी, कुरूद
तहसील कुरूद, जिला धमतरी छ.ग.
मो.नं. 98938 11566

## खबर संक्षेप

### भाठागांव स्कूल में बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी

**सिर्री।** शाउमा शाला भाठागांव के छात्रों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक आफ बड़ौदा भाठागांव के कैशियर युगलकिशोर ध्रुव तथा क्रेडिट आफिसर प्रीति रंगारे ने बैंक से संबंधित जानकारी दी। लोन के बारे में भी बताया। मौके पर प्राचार्य आशालता साहू, व्याख्याता ममता रानी वारदे, ओपी कुर्रे, मोनिका देवांगन उपस्थित थे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी हरीश देवांगन ने किया।

### किसानों को मसूर बीज का निःशुल्क वितरण

**नगरी।** ग्राम गुहाननाला में कृषक प्रशिक्षण एवं मसूर बीज प्रदर्शनी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी के माध्यम से किया गया। इस दौरान भूजल स्तर को बनाये रखने के लिए किसान आगे आ रहे हैं। धान के अलावा अन्य फसल लेने का निर्णय ले रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी के माध्यम से किसानों को मसूर बीज का निःशुल्क वितरण किया गया।

### रासेयो चरित्र व राष्ट्र निर्माण का आधार केंद्र : गोस्वामी

**धमतरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा द्वारा ग्राम पंचायत मुड़पार में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी, योग, परियोजना कार्य के तहत गांव के विभिन्न वार्ड में साफ-सफाई की जा रही है। बौद्धिक सत्र अंतर्गत आकाशगिरी गोस्वामी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने स्वयंसेवकों को अभिनय कला के मंच संचालन व राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना चरित्र निर्माण व राष्ट्र निर्माण का केंद्र होता है। गोपी कुर्रे अधिवक्ता ने स्वयंसेवकों को कानून की विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून का ज्ञान ही सुनागरिक की पहचान है। कानून का ज्ञान होने से व्यक्ति कानून का उल्लंघन नहीं करता। कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र ने आभार व्यक्त किया।

### शिविर में 80 लोगों ने कराया स्वास्थ्य उपचार

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में ग्राम भानपुरी में रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी केके साहू एवं उनकी टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में गांव के लगभग 80 लोगों ने अपना स्वास्थ्य उपचार कराया।

नवीन 94 पदों के सृजन के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की स्वीकृति

# विधायक अजय चंद्राकर का प्रयास ला रहा रंग : कुरुद में जल्द ही अस्तित्व में आएगा 100 बिस्तरों का सिविल अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद विधानसभा में नीत नए विकास की कल्पनाओं को मूर्त रूप देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने क्षेत्र के जनसमुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने से उद्देश्य से विगत वर्षों से लंबित मांग 50 बिस्तर सिविल अस्पताल को 100 बिस्तर में विस्तार देते हुए पुनः सौगात दिलाई है।

विधायक श्री चंद्राकर वर्ष 2024 के प्रारंभ होते ही फरवरी माह के विधानसभा बजट सत्र में इस हेतु राशि स्वीकृत कराकर आगे की प्रक्रियाओं को नियमित अनुसरण कर कार्य में प्रगति लाते रहे जो अब रंग ला रहा है। फलस्वरूप सिविल अस्पताल कुरुद को 50 से 100 बिस्तर हेतु लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शासन स्तर पर जमीन की चिन्हांकन प्रक्रिया अंतिम स्थिति में है। उक्त स्वीकृति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लोग विधायक श्री चंद्राकर का आभार प्रकट कर रहे हैं।

**यहां से गंभीर रोगी को कर दिया जाता था अन्यत्र रेफर**

100 बिस्तर अस्पताल के अस्तित्व में आने से वर्तमान में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के साथ-साथ कमियां भी दूर हो जांएगी। वर्तमान में इस अस्पताल में ज्यादातर सर्दी, खांसी, बुखार व नार्मल डिलीवरी के ही मरीज इलाज करवाने आते है। गंभीर रोगी को बड़े अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। विगत सप्ताह से एक्सरे मशीन के स्कैनर में तकनीकी खराबी के चलते

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुरुद आत्मनिर्भर बने यही मेरा प्रयास



इस संदर्भ में विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुरुद विधानसभा को विकसित करने का प्रयास 2018 से किया जा रहा था। मेरी मंशा रही है कि स्वास्थ्य सुविधाओं में हम आत्मनिर्भर बने, प्रयास तो सिविल अस्पताल को 100 बिस्तर में अपग्रेड करने के साथ यहां एक नर्सिंग कॉलेज खोलने का भी था पर बीते पांच साल राज्य में कांग्रेस की सरकार ने इसे होने नहीं दिया। जो अब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य में विष्णुदेव साय की भाजपा नीत डबल इंजन की सरकार में पूरा होने जा रहा है। 100 बिस्तरों में उन्नयन के साथ अब सिविल अस्पताल क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिले के जनसमुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करेगा।

### अब जनसमुदाय को मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य लाभ




मिली जानकारी के अनुसार 100 बिस्तर में विस्तार के बाद यहां अस्पताल अधीक्षक के एक पद, मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ और निश्चेतना विशेषज्ञ के एक-एक पद, शिशु रोग, रेडियोलॉजी, ईएनटी, नेत्र रोग, अस्थि रोग, मेडिसीन और स्त्री रोग विभाग में पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल ऑफिसर के एक-एक पद, चिकित्सा अधिकारी के आठ पद, दंत चिकित्सक के एक पद, मेडिकल रिकॉर्ड अधिकारी के एक पद, स्टॉफ नर्स के 30 पद, नर्सिंग सिस्टर, ऑडियोमेड्रिशियन, रेडियोग्राफर, स्टोर कीपर, फॉर्मासिस्ट ग्रेड-2, कोल्ड चैन-कम-वैक्सीन लॉजिस्टिक असिस्टेंट, सहायक ग्रेड-3 और ड्रेसर ग्रेड-2 के दो-दो पद, लैब टेक्नीशियन के चार पद, लैब अटेन्डेंट के तीन पद, लेखापाल, ऑप्थेलमिक असिस्टेंट, डेंटल असिस्टेंट, ईसीजी टेक्नीशियन, वाहन चालक, ड्रेसर ग्रेड-1, भृत्य, धोबी, चौकीदार और स्वीपर के एक-एक पद तथा वार्ड ब्वाय और आया के पांच-पांच पद के सृजन के साथ सिविल अस्पताल संचालित होगा।

## ब्राम्हणपारा वार्ड में भाजपा बूथ कमेटी का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ब्राम्हणपारा वार्ड में प्रभारी डीपेंद्र साहू, सहप्रभारी कोमल सार्वा, पन्ना थवाइत देवेश अग्रवाल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सहमति से बूथ क्रमांक 146 में अध्यक्ष योगेश साहू, सचिव किरण कुम्भकार, बीएलओ खिलेश कुम्भकार, बूथ 147 से अध्यक्ष यश साहू, सचिव अंकित दुबे, बीएलओ दिनेश दुबे को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त बूथ 146 व 147 में कार्यकर्ताओं का चयन किया गया। मौके पर डीपेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा संगठन में बूथ कमेटी सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई है। कार्यकर्ताओं ने आने वाले चुनावों में भाजपा एवं मोदी जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।

## एक दिन का अधिकारी बनकर शासकीय कामकाज को जाना

- मॉडल स्कूल की चेतना बीईओ एवं रूद्री स्कूल के आशीष ने बीआरसी आफिसर की भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



होनहार विद्यार्थी चेतना साहू को एक दिन का विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और आशीष निषाद को बीआरसीसी आफिसर बनाया गय। शेडो अधिकारी उन्हें बनकर शासकीय कामकाज को प्रत्यक्ष देखने का अवसर मिला। शासन की मंशा के अनुसार बाल दिवस पर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने छात्र–छात्राओं को एक दिन का शेडो आफिसर बनाया गया। कलेक्टर नम्रता गांधी के आदेशानुसार जिले के कुल 202 विद्यार्थियों का चयन शेडो ऑफिसर के तौर पर किया। मॉडल इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल धमतरी की छात्रा चेतना साहू और आशीष निषाद शासकीय उमावि रूद्री के छात्र को बीआरसीसी आफिसर बनाया गया था। 19 नवम्बर को एक दिन की शेडो ऑफिसर चेतना ब्लाक एजुकेशन आफिसर धमतरी और आशीष निषाद बीआरसी बनकर सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचे। अमित तिवारी बीईओ एवं ललित सिन्हा बीआरसीसी एवं कार्यालयीन स्टाफ ने दोनों शेड ऑफिसर का फूलों का बुके भेंटकर स्वागत किया।

कर्मचारियों का परिचय प्राप्त करने के बाद दोनों कार्यालय की सभी शाखाओं का अवलोकन कर व्यवहारिक कार्यशैली, शासकीय कामकाज से अवगत हुए। कार्यालयीन कामकाज देखने के बाद शेडो ऑफिसर चेतना, आशीष बीईओ ने अमित तिवारी और बीआरसीसी ललित सिन्हा के साथ शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक लिमतरा, बिरेतरा स्कूल, हाईस्कूल बिरेतरा का निरीक्षण किया। शासकीय स्कूलों में शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही शिक्षिकाओं के अध्यापन कार्य और बच्चों की गतिविधियों की प्रशंसा की।

## पांच दिव्यांग दंपती को मिली विवाह प्रोत्साहन राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग के समाज कल्याण विभाग में दिव्यांगजनों के विवाह होने पर शासन द्वारा विवाह प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने पांच दंपतियों का आवेदन पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग में जमा करवाया था।

इन पांचों दंपतियों सुदर्शन साहू सेमरा, ओमप्रकाश पटौदी कुरीर्डीह, कमलकिशोर जामगांव, यशवंत कंवर बलियारा और गितेश यादव पोटियाडीह को पचास-पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिली।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**धमतरी।** ग्राम दर्री (खरेंगा) में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई भोथली, ग्रामीण साहू समाज दर्री, परिक्षेत्र साहू समाज झिरिया, तहसील साहू समाज धमतरी व जिला साहू समाज के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## डॉ. प्रदीप राज्य प्रतिनिधि, प्राप्ति वाशानी चेयरमैन बने

- कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला प्रबंध समिति का हुआ निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर नम्रता गांधी के आदेशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला प्रबंध समिति के निर्वाचन के लिए साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक में संरक्षक सदस्य, उपसंरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य उपस्थित थे। निर्वाचन अधिकारी के रूप में डॉ. यूएल कौशिक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सचिव रेडक्रॉस सोसायटी धमतरी, डिप्टी कलेक्टर बीएल मरकाम, डॉ.आदित्य सिन्हा थे। प्रबंध समिति में डॉ. प्रदीप कुमार साहू, प्राप्ति वासानी, शिवा प्रधान, अवधराम साहू, लोकेश बाघमार, चमन लाल साहू, डॉ.सरिता दोशी, श्रीमती कामिनी कौशिक, खोमन साहू, प्रेमशंकर चौबे, हेमराज सोनी, खूबलाल साहू, डॉगणेश प्रसाद साहू, गुरूशरण साहू, श्रीमती ज्योति जैन, श्रद्धानंद साहू, देवनाथ साहू, गेवाराम नेताम, विजय जसूजा, हरख जैन, आकाश गिरी गोस्वामी, होमेश्वर प्रसाद चन्द्राकर निर्वाचित हुए। इसके बाद प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

सर्वसम्मति से श्रीमती प्राप्ति वाशानी चेयरमैन, शिवकुमार प्रधान वाईस चेयरमैन, अवधराम साहू कोषाध्यक्ष एवं डॉ. प्रदीप कुमार साहू को राज्य प्रबंध समिति हेतु प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। इस आयोजन में राजकुमार सिन्हा, मनीष साहू, दीप्ति परदेशी, जुनैद भारती का योगदान सराहनीय रहा।

## धान बेचने आये किसानों को पूरी सुविधा प्रदान करें समिति : रंजना

- पूर्व विधायक ने धान खरीदी केंद्र आमदी का लिया जायजा, समिति को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पूरे प्रदेश के धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी जोर-शोर से चल रही है। इसी बीच नगर पंचायत आमदी धान उपार्जन केंद्र में किसानों द्वारा टोकन में आ रही दिक्कतों की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू धान खरीदी केंद्र पहुंचीं।

श्रीमती साहू ने किसानों से चर्चा की एवं उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने धान उपार्जन समिति को निर्देशित करते हुए कहा कि धान बेचने आये किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

श्रीमती साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की भाजपा सरकार ने किसानों को अधिक मुनाफा देने के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का निर्णय लिया है। प्रति क्विंटल 3100 रुपये की राशि मिलेगी। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि धान बेचने आये सभी किसानों को पूरी सुविधा समिति प्रदान करें व टोकन में आ रही दिक्कतों को शीघ्र दूर करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए।

मौके पर हेमंत माला नगर पंचायत अध्यक्ष, तेजराम साहू उपाध्यक्ष, उमानन्द कुंभकार पार्षद, कोमल यादव, लक्ष्मी जितेंद्र पटेल, प्रेम साहू, सुनीता कृपाल साहू, किशोर कुंभकार भाजपा नगर अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार पटेल भाजपा महामंत्री, ज्योति साहू, प्रेमशंकर साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## पीजी कालेज के 300 छात्रों ने नशामुक्ति का लिया संकल्प





- युवा परिवार, समाज और राष्ट्र की बहुमूल्य निधि : नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला सहकारी संघ मर्यादित धमतरी द्वारा बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहकारी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत गायत्री परिवार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत लगभग 300 छात्र छात्राओं को जीवनभर नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया।

इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवा परिवार, समाज और राष्ट्र की बहुमूल्य निधि है। युवाओं की ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में किया जाना है। सही मार्गदर्शन के अभाव में युवा भटककर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं। उन्हें नशापान जैसी बुराई से बचाना है। इस आयोजन में शामिल लगभग 300 छात्र-छात्राओं को जीवनभर नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ तामेश्वरी साहू एवं आभार प्रदर्शन डॉ वेदवती देवांगन ने किया।

मौके पर प्राचार्य डॉ वीके पाठक, प्रमुख वक्ता डॉ अनंत दीक्षित पूर्व प्राचार्य, सीपी साहू प्राधिकृत अधिकारी, पीसी ध्रुव सीओ, मास्टर ट्रेनर राजेश साहू, पुरषोत्तम सोनी, प्राध्यापकगण डॉ हेमवती ठाकुर, डॉ भारती, आनंद प्रकाश गुप्ता, उपांशु साहू सहित बहुत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मानस शक्ति केंद्र कुकरेल ने मनाया दिवाली मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानस शक्ति केंद्र कुकरेल में दीपावली एवं देवउठनी मिलन समारोह व मानस गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. लोकेश साहू खमरिया, महेंद्र साहू, युवराज सिन्हा, युगलकिशोर साहू थे। इस अवसर पर मानस मंडली अमलीपारा की प्रस्तुति हुई। इस आयोजन में अध्यक्ष महेशदास मानिक पुरी, चंद्रहास साहू, संतोष साहू, खेलसिंह ध्रुव, ज्वाला मंडावी, अश्वनी यादव, ईश्वरी नेताम, रूपसिंह साहू, सुरेश दास, मालती पटेल, गंगाराम मरकाम, व्यसनारायण पडौती, भगवती मरकाम, कुलदीप सिन्हा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी व मीडिया प्रभारी विरेंद्र कुमार कुंजाम का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रेवत साहू ने किया।

### मड़ाईभाठा के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा के कक्षा सातवी, आठवीं व दसवीं के छात्रों व शिक्षकों द्वारा इर्रा के मैदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अमन राव ने बताया कि मैदान में प्रतिदिन सुबह संघ शाखा के जिला सह संघचालक जितेन्द्र यदु द्वारा छात्रों को मोटिवेट किया जाता है। स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती पर चलाया गया एक महत्वपूर्ण अभियान है। यह अभियान नई दिल्ली के राजघाट से शुरू किया गया था। मौके पर भीमसेन साहू, ओमेश, चिरंजीवी, खेमराज, डेनिश, गितेश, समीर, युवराज, सागर, तुषार, हेमेश, तनिषा, पल्लवी, लावण्या, त्रिक्षा, भूमिका, हर्षिता समेत अन्य उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा की नई शराब नीति खतरनाक : नमन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू की गई है



जिसके तहत मनपसंद एप के माध्यम से शराब पहुंचाई जाएगी। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष नमन बंजारे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिसका प्रमुख कारण नशा है। फिर भी भाजपा सरकार जनता को ऐप के माध्यम से नशा परोसने का काम कर रही है। आगे कहा कि पूर्व में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने कोरोना काल में पढ़ाई तुंहर द्वार, कवच ऐप, सीजी काप ऐप, मितान ऐप जैसे अनगिनत ऐप जनता की सुविधा के लिए मुहैया कराई, वहीं डबल इंजन वाली भाजपा सरकार अपराध, अवैध उत्खनन और अवैध शराब बिक्री की फिक्र छोड़ मनपसंद जैसी शराब परोसने वाली ऐप लॉन्च कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

### लोक कला महोत्सव के लिए 27 तक प्रविष्टियां मंगाई

**धमतरी।** गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 2024-25 आयोजन के लिए 27 नवम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक जिला स्तर के पंथी नृत्य दलों, समूहों को प्रस्तुत प्रविष्टियों के साथ ही अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारम्परिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए गए हैं, तो इसका विवरण प्रस्तुत करना होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 27 नवम्बर की शाम 5 बजे तक दल, समूह कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कांग्रेस सरकार में हुए घोटालों पर भी दो शब्द बोले विधायक : चेतन

**धमतरी।** भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा



कि धमतरी विधायक को रेत चोरी, अवैध प्लाटिंग जैसे मुद्दे खूब नजर आ रहे जबकि भाजपा सरकार बनने के बाद इन पर अंकुश लगाने का काम हुआ है। विधायक को जनप्रतिनिधि का धर्म निभाते हुए कांग्रेस सरकार के समय हुए घोटालों पर भी दो शब्द बोलना चाहिए। शराब घोटाले से लेकर गोबर घोटाला तक भूपेश सरकार में हुआ। उस समय सिर्फ भ्रष्टाचार का बोलबाला था। यही कारण है कि कांग्रेस के आधे से ज्यादा नेता अब जमानत में घूम रहे हैं। घोटालों के कारण ही जनता ने कांग्रेस को नकारकर सत्ता भाजपा को सौंपी है। सत्ता जाने का गम कांग्रेसी अब तक पचा नहीं पा रहे हैं। विष्णु सरकार में सुशासन लौट आया है। अवैध कारोबार को सरंक्षण देने वाले अधिकारियों पर नियमित कारवाई हो रही है।

शहरवासियों को नहीं मिल रही सुविधाएं, शासन-प्रशासन पर बढ़ा दबाव

# प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल को नियमित कर्मचारी व श्रमिक संघ का मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तीन दिन से जारी नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल को शासकीय नियमित कर्मचारी संगठन व श्रमिक संघों का समर्थन मिला है। यह आंदोलन अब केवल निगम कर्मचारियों की लड़ाई नहीं रह गया बल्कि श्रमिक वर्ग के व्यापक अधिकारों का प्रतीक बनता जा रहा है। हड़ताल का अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे गंभीर रूप ले सकता है। प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से शहर की बिजली, पानी, सफाई आदि कार्य ठप हो गए हैं।



संघ के अविनाश मरोठे, राजू साहू, रघुवीर ठाकुर, चन्द्रप्रकाश साहू, गिरधारी लाल, टिकेश्वर साहू, फिरोज खान, वेदप्रकाश, नरेश सोना गोविंद पात्रे, संजू, रामसिंग भाऊ ने बताया कि गुरूवार को सभी कर्मचारी गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन पर रहे। उन्होंने बताया कि कर्मचारी लंबे समय से वेतन में बढ़ोतरी, समय पर भुगतान, स्थायी नौकरी का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांगें हमेशा अनसुनी हो जाती हैं। इससे नाराज कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल को अनिश्चितकाल के लिए रखा है।

**निकलेगी रैली, सौंपेंगे ज्ञापन**

प्लेसमेंट कर्मचारी अपने तीन दिवसीय हड़ताल के बाद शुक्रवार को शहर में रैली निकालेंगे। इसक बाद शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। जिलाध्यक्ष अविनाश मरोठे ने बताया कि सभी प्लेसमेंट कर्मचारी सुबह 9 बजे गांधी मैदान में एकत्रित होकर 3 घंटे धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे गांधी मैदान से सदर मार्ग होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचेंगे, जहां मांगों के संबंध में शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

**सेवाएं ठप, जनता त्रस्त**

शहर में सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति से वार्डों एवं गलियों में कूड़े का ढेर जमा हो गया है। जलापूर्ति बाधित हो रही है। बिजली संबंधी मरम्मत कार्य अटके हुए हैं। हड़ताल के कारण सामान्य दिनचर्या अस्त व्यस्त हो गई है।

## आमदी कॉलेज में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



आमदी कालेज परिसर में फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के तहत छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में पंजीयन करवाने विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

स्वीप प्रभारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि शिविर में 1 जनवरी के साथ-साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आनलाइन फार्म 06 भरा गया। प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे ने स्वीप समिति के जागरूकता अभियान की सराहना की। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को आने वाले ग्राम पंचायत व नगर निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आह्वान किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू उपस्थित थे। शिविर में रासेयो स्वयंसेवक छत्रपाल, साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप का विशेष योगदान रहा।

## सनातन संस्कृति से युवाओं को जोड़ा जायेगा



■ श्री नागेश्वर मानस प्रचार समिति ने मनाया दीपावली मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानस भवन हटकेशर में श्री नागेश्वर मानस प्रचार समिति द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष होने वाली मानसगान प्रतियोगिता के संबंध पर तीनों मंच हटकेशर श्यामतराई, मुजगहन के पदाधिकारियों द्वारा चर्चा कर तिथि तय की गई।

कार्यक्रम में अतिथियों ने मानस प्रसंगों एवं सनातन संस्कृति से युवाओं को जोड़ने एवं कुमार्ग पर चल रहे युवाओं को सदमार्ग पर लाने जोर दिया। मौके पर संरक्षक लक्ष्मीनारायण साहू, अध्यक्ष बीएल, उपाध्यक्ष कैलाश याद, खिलावन पटेल, संस्कृति प्रकोष्ठ चैनसिंग साहू, उगेश, सचिव ईश्वर पटेल, सहसचिव कमलेश पटेल, कोषाध्यक्ष भूषण साहू, उपकोषाध्यक्ष विनोद पटेल, मीडिया प्रभारी लोकेश नेताम, ईश्वर सेन ओमप्रकाश नाग, टीकाराम साहू, सोहद्रा यादव, सुनीता वर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

## किसान ने मिलीभगत कर 52.48 क्विंटल धान खपाने की कोशिश की

कोचिया के 90.80 क्विंटल धान जब्त, खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध धान भण्डारण और परिवहन पर दल द्वारा लगातार निगाह रखी जा रही है। इसी कड़ी में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तरसींवा के उपार्जन केन्द्र तरसींवा में गठित निगरानी समिति से प्राप्त सूचना के आधार पर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान उपार्जन केन्द्र तरसींवा में किसान गोपीचंद साहू द्वारा लाए गए धान का परीक्षण किया गया, जिसमें मिक्स किस्म का पुराना धान पाया गया।

किसान गोपीचंद ने बताया कि उनका ग्राम रांवा में कुल 6 खसरों में 1.75 हेक्टे. कृषि भूमि है, जिसका पंजीयन उपार्जन केन्द्र तरसींवा में किया गया है। ग्रामीणों के समक्ष खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा किसान के सभी खसरों का मुआयना किया गया, जिसमें सिर्फ एक खसरा (984/1) रकबा 0.73 हेक्टे. पर ही धान की कटाई एवं मिंजाई होना पाया गया तथा शेष खसरों पर खेत में धान होना पाया गया। इस तरह कृषक के खसरा क्रमांक 984/1 रकबा 0.73 हेक्टे. में धान बेचने की पात्रता 38.32 क्विंटल की है। चूंकि 21 नवम्बर को जारी टोकन में 90.80 क्विंटल धान का विक्रय किया जाना था।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि किसान गोपीचंद द्वारा ग्राम रांवा के धान कोचिया देवेन्द्र कुमार के साथ मिलीभगत कर शेष धान की मात्रा 52.48 क्विंटल (मिक्स किस्म का पुराना धान) को उपार्जन केन्द्र में लाकर खपाने की कोशिश की गई। इस प्रकार धान कोचिया के धान को किसान गोपीचंद साहू द्वारा अपने टोकन में फर्जी तरीके से बिक्री करते पाए जाने पर बिक्री हेतु लाए गए 90.80 क्विंटल धान को उपार्जन केन्द्र तरसींवा में गठित निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई। मौके पर खाद्य विभाग एवं उपार्जन केन्द्र तरसींवा में गठित निगरानी समिति के सदस्य बसंती नेताम, चंद्रकला साहू, विकास साहू, तोषी भूआर्य उपस्थित थे।

## डीपीएस के छात्रों ने कृषि विकास के क्षेत्र पर विदेशी तकनीकी मॉडल बनाये





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डीपीएस के कक्षा दसवीं के छात्र लक्ष्मी पवार, अंशुमान व हर्षवर्धन ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स की सहायता से सतत कृषि विकास के क्षेत्र में विदेशी तकनीकी पर नए मॉडल बनाए। मॉडल में बच्चों ने अल्ट्रासोनिक, टेंपरेचर ह्यूमिडिटी सॉइल मॉइश्चर जैसे विभिन्न प्रकार के सेंसरो का उपयोग किया। मॉडल में मुख्य रूप से नवीनीकरण ऊर्जा (मूवेबल सोलर सिस्टम), अपशिष्ट प्रबंधन, जल संचय में रैन अलर्ट सिस्टम, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, मलचिंग डिजिटल सिस्टम व आधुनिक कृषि पद्धति, नेट हाउस पॉलीहाउस, ग्रीनहाउस, कार्बन फुटप्रिंट रिडक्शन के क्षेत्र में डीजल को स्थानांतरित कर बैटरी से चलने वाले रिमोट कंट्रोल हार्वेस्टर का प्रारूप बनाकर छात्रों ने बताया कि कम समय में कम लागत पर इन रणनीतियों को लागू कर कृषि उद्योग में सतत विकास कैसे प्राप्त किया जा सकता है। रोबोटिक्स प्रशिक्षक वासुदेव पटेल ने विद्यार्थियों को मॉडल का मसौदा तैयार करने में मदद की। स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।



## राज्य सरकार फिर से दें मछुआरों को आदिवासी का दर्जा : परमेश्वर

■ विश्व मछुआरा दिवस पर समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धीवर समाज ने विश्व मत्स्य दिवस पर मछुआरों का सम्मान किया। मछुआरों ने मछली पालन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने साय सरकार से सन 1950 से पहले से मिल रही आदिवासी आरक्षण का दर्जा वापस देने की मांग करते हुए सड़क की लड़ाई लड़ने एकजुट होने का आह्वान किया। रामबाग स्थित मत्स्य सोसाइटी भवन में गुरूवार को हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीवर समाज के प्रदेश महासंरक्षक परमेश्वर फूटान थे। अध्यक्षता धीवर समाज धमतरी के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने की। विशिष्ट अतिथि होरीलाल मत्स्यपाल, सोसाइटी अध्यक्ष यशवंत कोसरिया, राजकुमार फुटान, सोनूराम नाग थे। कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मछुआरों का सम्मान किया गया। इस दौरान शैलेन्द्र नाग, धन्नाराम, मन्नूलाल कोसरिया, करियाराम



ढीमर, अरूण बाई, शंकरलाल, भारत फुटान, सोनूराम कोसरिया, पुन्नी बाई आदि का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि 21 नवंबर को विश्व मत्स्य दिवस मनाया जाता है। मत्स्य पालन, मछुआरों, मछली किसानों तथा पशुपालन के हितधारकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मत्स्य दिवस मनाया जाता है, लेकिन आज भी धमतरी समेत छत्तीसगढ़ में मछुआरों को आदिवासी का दर्जा पुनः बहाल करने की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। उन्होंने बताया कि साल 1950 से पहले मछुआरों को आदिवासी का दर्जा प्राप्त था, लेकिन बाद में संविधान संशोधन के समय त्रुटिवश मछुआरों का नाम आदिवासी आरक्षण की सूची से हट गया। मछुआरों के हित में इसे फिर से आदिवासी सूची में जोड़ा जाए। धीवर समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि धमतरी में मछुआरों की आबादी करीब 10 हजार तथा पूरे प्रदेशभर में करीब 30 लाख है। मछली पालन नीति बनाते समय मछुआरों का काफी अहित किया गया था। आरक्षण के लिए एक मंच में आकर संघर्ष करेंगे। धमतरी मत्स्य सोसाइटी के अध्यक्ष यशवंत कोसरिया, राजकुमार फुटान ने कहा कि मछुआ नीति में संशोधन कर गैर समूह के बदले मछुआ समूह को ही तरिया-डबरी देने की मांग की।

## धोखाधड़ी का दूसरा आरोपी हबीबगंज में पकड़ाया

■ रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स कंपनी में लाभ दिलाने की थी लाखों की धोखाधड़ी

■ एक आरोपी को पहले ही भेजा जा चुका है जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चिटफंड कंपनी में निवेश कर ज्यादा लाभ दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रूपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हबीबगंज भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

पुलिस के अनुसार रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स लिमिटेड नामक कंपनी की ट्रेडिंग कंपनी बताकर निवेश करने पर ज्यादा लाभ दिलाने भिलाई निवासी देवकृष्ण साहू व ज्ञानप्रकाश साहू ने वर्ष 2022 से स्थानीय गोकुलपुर निवासी उमेश पटेल से 8 लाख 67 हजार 680 रुपए जमा कराया। यही नहीं आरोपियों ने अन्य लोगों को भी अधिक रिटर्न मिलने का प्रलोभन देते हुए 1 करोड़ 17 लाख 5 हजार 365 रूपए से अधिक की राशि जमाकर धोखाधड़ी की। उमेश की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू व देवकृष्ण साहू दोनों भिलाई निवासी के खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। पुलिस ने पीड़ित को आरोपियों द्वारा भेजे गए कंपनी के पीडीएफ व अपने बैंक एकाउंट के दस्तावेज की प्रतियां जप्त कर आरोपी देवकृष्ण साहू को 10 दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरा आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू फरार था। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। सूचना पर पुलिस टीम को भोपाल रवाना किया गया। यहां पुलिस ने करोड़ों रूपए की धोखाधड़ी के दूसरे आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू पिता राजेंद्र 36 वर्ष कोहका भिलाई निवासी को हबीबगंज भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश किया। आरोपी देवकृष्ण साहू की गिरफ्तारी के बाद दूसरा आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू फरार होकर भोपाल के हबीबगंज में छिपा हुआ था। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला एवं साइबर टीम से नितिन पांडेय, आरक्षक युवराज ठाकुर, आनंद कटकवार सहित थाना स्टाफ का सहयोग रहा।

### इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई

**नगरी।** विधायक कार्यालय में इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि इंदिरा गांधी के योगदान और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आज के भारत के लिए जो सपना देखा था उसे हम सबको मिलकर पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता था।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छात्रों ने जानी बैंकिंग प्रणाली




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल के प्राचार्य राहुल सिंह नेताम, व्यासायिक प्रशिक्षक पुष्पेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में व्यावसायिक पाठ्यक्रम बैंकिंग पढ़ने वाले 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को भारतीय स्टेट बैंक छाती का भ्रमण कराया गया। शाखा प्रबंधक अनुपमा देव एवं अन्य कर्मचारियों ने बैंकिंग प्रणाली खाता खुलवाने की प्रकिया, केवाईसी, खाते के प्रकार, आरटीजीएस, एनईएफटी इंटरनेट बैंकिंग एवं ऋण संबंधित जानकारी प्रदान की।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

04 दिन की यात्रा

12 जनवरी 2025
श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा
श्री जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज टेंपल, कोणार्क, केदारगौरी, चंद्रभागा, सिद्धेश्वर एंड मुकतेश्वर, खंडागिरी, धौलीगिरी, उदयगिरी
राशिः स्लीपर- 5500/-, 3AC-10,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511